दैनिक
# क्यूँ न लिखूँ सच
प्रातः कालीन

राष्ट्रीय हिंदी अंग्रजी समाचार पत्र

मुरादाबाद से प्रकाशित

RNI NO.- 05086/21

वर्ष :- 02 अंक :- 148 मुरादाबाद 23 September 2022 (Friday) पृष्ठ :- 06 मूल्य : 3.00 रुपये

प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, लखनऊ

## अयोध्या में फिर बनेगा दीपोत्सव का वर्ल्ड रिकॉर्ड, तैयारियां देखने रामनगरी पहुंचे अवनीश अवस्थी

अयोध्या में एक बार फिर दीपोत्सव का वर्ल्ड रिकॉर्ड बनेगा। 23 अक्टूबर को साढ़े 14 लाख दीप जलाकर नया वल्ड रिकॉर्ड बनाने की तैयारियां जोरशोर से चल रही हैं। गुरुवार को सीएम योगी आदित्यनाथ के सलाहकार अवनीश अवस्थी ने अयोध्या पहुंचकर तैयारियों का जायजा लिया। उनके साथ पर्यटन विभाग के प्रमुख सचिव मुकेश मेश्राम भी रहे। दोनों अधिकारियों ने लता मंगेशकर चौक का भी निरीक्षण किया। राम कथा पार्क में छठवें दीपोत्सव को कैसे भव्य बनाया जाए इस पर मंथन किया। जिले के सभी वरिष्ठ अधिकारी बैठक में शामिल रहे। लता मंगेश्कर के जन्मोत्सव पर लता मंगेशकर चौक का उद्घाटन किया जाएगा। पर्यटन सचिव ने 24 सितम्बर तक लता मंगेशकर चौक के काम को पूरा करने का निर्देश दिया। निरीक्षण और बैठक में कमिश्नर नवदीप रिणवा, जिलाधिकारी नीतीश कुमार, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रशांत वर्मा, नगर आयुक्त विशाल सिंह समेत अन्य सभी वरिष्ठ अधिकारी शामिल रहे।



गिनीज बुक में फिर दर्ज होगा दीपोत्सव


छठवें दीपोत्सव का यह रिकॉर्ड गिनीज वर्ल्ड रिकार्ड के तौर पर दर्ज किया जाएगा। बता दें कि पिछले साल अयोध्या राम की पैड़ी में 9,41,551 दीप जलाकर विश्व रिकॉर्ड बनाया गया था। इस रिकॉर्ड को महाशिवरात्रि पर उज्जैन में शिप्रा नदी के किनारे 11 लाख 71 हजार 78 दीप जलाकर तोड़ा गया। अब 23 अक्टूबर को रामनगरी अयोध्या में एक बार फिर नया वर्ल्ड रिकॉर्ड 14.50 लाख दीपों का बनेगा। इसके लिए बड़े पैमाने पर तैयारियां की जा रही हैं।

### 2017 में हुई थी शुरुआत

अयोध्या में दीपोत्सव की शुरुआत 2017 में यूपी में पूर्ण बहुमत से बीजेपी की सरकार बनने और योगी आदित्यनाथ के मुख्यमंत्री बनने के बाद की गई थी। पहले साल 51 हजार दीये जलाए गए थे। तबसे हर साल दीयों की संख्या बढ़ती जा रही है। 2018 में 3,01152 दीये जलाए गए। 2019 में इस दीपोत्सव कार्यक्रम को प्रांतीय स्तर का मेला घोषित किया गया। 2019 में 5,50,000 दीप जलाए गए। 2020 में 6,06,569 दीप जलाए गए और 2021 में 9,41,551 दीये जलाए। अब 2022 में 10.50 लाख दीये जलाकर नया विश्?व रिकॉर्ड बनाया जाएगा।

## मेनका गांधी ने लंपी स्किन डिजीज को लेकर चेताया, दूध-दही-मिठाइयों को लेकर दी ये सलाह

बीजेपी सांसद और पशु अधिकार कार्यकर्ता मेनका गांधी ने लंपी स्किन डिजीज को लेकर लोगों को सचेत किया है। एक वीडियो जारी कर मेनका गांधी ने लोगों ने प्रभावित गायों का दूध या उससे बनी मिठाइयां न खाने की अपील की है। उन्होंने कहा कि इस वक्त देश के कई प्रदेशों में दुधारू पशुओं में फैली यह बीमारी अत्यंत गंभीर है। सांसद ने डेयरी संचालकों को भी प्रभावित गाय-भैंस का दूध न बेचने की हिदायत दी। मेनका गांधी ने कहा कि लंपी स्किन डिजीज से हजारों गाय-भैंस मर चुकी हैं। इसमें शरीर पर फोड़े बनते हैं। उनसे खून निकलता है। डेयरी वालों ने बहुत सारी गाय-भैंस को बाहर कर दिया है। फिर भी पता चला है कि कुछ डेयरी वाले पशुओं को लंपी स्किन डिजीज होने



के बाद उनका दूध निकालकर बेच रहे हैं। यह दूध, मिठाइयों की दुकानों और अन्य जगहों पर जा रहा है।उन्होंने लोगों से इस बारे में सावधान रहने और प्रभावित पशुओं के दूध का इस्तेमाल न करने की अपील की। उन्होंने कहा कि लंपी ग्रसित पशु का दूध पीने से मानव स्वास्थ्य पर बुरा प्रभाव पड़ सकता है।

## मदरसे के छात्रों से मोहन भागवत ने पूछे सवाल, कंप्यूटर सीखने की दी सलाह, बोले- काम आएगा



राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के मुखिया मोहन भागवत गुरुवार को अचानक दिल्ली की कस्तूरबा गांधी मार्ग मस्जिद में पहुंचे तो हर कोई हैरान रह गया। इस दौरान उन्होंने ऑल इंडिया इमाम ऑर्गनाइजेशन के प्रमुख उमर अहमद इलियासी से मुलाकात की। यही नहीं इसके बाद मोहन भागवत मस्जिद के पास ही चलने वाले मदरसे में भी पहुंच गए और छात्रों से बात की। कहा जा रहा है कि मुस्लिम समुदाय से संपर्क साधने के अभियान के तहत मोहन भागवत का यह दौरा हुआ। इस दौरान मोहन भागवत ने इमाम से करीब एक घंटे तक मुलाकात की। मोहन भागवत के साथ संघ के वरिष्ठ नेता कृष्ण गोपाल, राम लाल और इंद्रेश कुमार भी थे। मीटिंग के बाद इमाम उमर अहमद इलियासी ने तो मोहन भागवत को राष्ट्रपिता बताया दिया और कहा कि आरएसएस चीफ उनके निमंत्रण पर मदरसा तजवीदुल कुरान में आए थे। इस दौरान उन्होंने मदरसे में पढ़ने वाले बच्चों से बात भी की। इंद्रेश कुमार ने बताया कि मोहन भागवत से बच्चों की क्या बात हुई। उन्होंने कहा कि मोहन भागवत ने बच्चों से पूछा कि आखिर वे क्या पढ़ते हैं और जिंदगी में क्या बनना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि ज्यादातर बच्चों ने बताया कि वे डॉक्टर या इंजीनियर बनना चाहते हैं। इस दौरान इमाम उमर अहमद इलियासी ने भागवत को बताया कि बच्चों को यहां मजहबी शिक्षा देने के अलावा आधुनिक विषयों की पढ़ाई भी कराई जाती है।

### बच्चों से बोले मोहन भागवत- कंप्यूटर भी सीखो, काम आएगा

आरएसएस चीफ से मुलाकात के दौरान मदरसे के छात्रों ने जय हिंद और वंदे मातरम के नारे भी लगाए। मदरसे में पढ़ाने वाले महमूद हसन ने कहा कि बेहद सौहार्दपूर्ण माहौल में मोहन भागवत से बच्चों की मुलाकात हुई। उन्होंने कहा कि मोहन भागवत ने बच्चों से कहा कि वे इस्लामिक विषयों के अलावा कंप्यूटर के बारे में भी जानकारी हासिल करें। इससे उन्हें भविष्य में मदद मिलेगी। कहा जा रहा है कि एक घंटे की विजिट के दौरान मोहन भागवत ने बच्चों से कुरान की आयतें भी सुनीं। हसन ने कहा कि मोहन भागवत ने बच्चों से जनरल नॉलेज के सवाल भी पूछे। उनका इस बात पर जोर था कि बच्चों को इस्लामिक विषयों के साथ ही आधुनिक विषयों के बारे में भी जानकारी दी जाए।

### संघ ने बताया, क्यों मस्जिद में अचानक पहुंच गए मोहन भागवत

आरसएसएस के प्रवक्ता सुनील आंबेकर ने मोहन भागवत के मस्जिद पहुंचने पर कहा कि वह समाज के सभी क्षेत्रों के लोगों से मिलते रहते हैं। उन्होंने कहा कि संघ की संवाद प्रक्रिया का यह हिस्सा है। बता दें कि संघ से जुड़ा संगठन राष्ट्रीय मुस्लिम मंच मुसलमानों के बीच काम करता है। इसके मुखिया के तौर पर इंद्रेश कुमार लंबे समय से काम कर रहे हैं।

# सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत जल सरक्षंण एवं जल संचय की हुई गोष्ठी






विपिन कुमार पाण्डेय
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

खुटार शाहजहांपुर- विकास खण्ड खुटार के कार्यालय सभागार में 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक चल रहे सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत जल सरक्षंण एवं जल संचय के प्रति जागरूकता अभियान की गोष्ठी आयोजित की गई,जिसमें क्षेत्र के तमाम प्रधान, क्षेत्र पंचायत सदस्य सहित भाजपा नेता व कार्यकर्ता शामिल हुए, कार्यक्रम में भाजपा जिला अध्यक्ष के सी मिश्रा ब्लाक प्रमुख नमित दीक्षित, सहित अतिथियों ने महापुरुषों के चित्र पर पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया भाजपा नेता विजय शंकर अवस्थी, रामाधार मिश्रा, देवेश गुप्ता, लक्ष्मण प्रसाद गुप्ता,ग्राम प्रधान तरुण दीक्षित,पाल सिंह,सत्यपाल गुप्ता आदि लोगों ने भाजपा जिला अध्यक्ष केसी मिश्रा का माला पहनाकर स्वागत किया कार्यक्रम में जल विभाग के पुष्पेंद्र पचौरी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा जल ही जीवन है हम सभी को जल अधिक से अधिक बचाना चाहिए,क्योंकि पृथ्वी पर पीने के लायक पानी मात्र दो प्रतिशत है, अधिकांश लोग पानी की बर्बादी करते हैं नहाते समय या कपड़े धोते समय बर्तन धोते समय टोटी खुली रहने के कारण जल व्यर्थ बहता रहता है, ऐसे लोगों को हमें जागरूक कर जल को बचाना है,कार्यक्रम में पहुंचे अतिथियों ने अपने अपने विचार व्यक्त किए कार्यक्रम का संचालन भाजपा युवा मोर्चा के जिला महामंत्री विजय शंकर अवस्थी ने किया,इस दौरान प्रधान विवेक सिंह, सुनील गुप्ता ,रोहित शुक्ला ,पूर्व मंडल अध्यक्ष सुनील कुमार सिंह एडवोकेट, हीरा सिंह, राजश्री शुक्ला, विनोद वर्मा, जलज पांडे, पिंकू गौतम,सर्वेश अवस्थी, रामू राठौर, मान सिंह, विनोद कुमार वर्मा, राम ओम बाजपेई, सर्वेश कुमार,रंजीत सिंह,अखिलेश मिश्रा, ओम प्रकाश वर्मा,जितेंद्र सिंह, मुनीष कुमार, सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# गुरुद्वारा में संत बाबा सुखदेव सिंह की 39 वी बर्सी मनाई गई



विपिन कुमार पाण्डेय
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

खुटार शाहजहांपुर- नगर में स्थित तिकुनियां गुरुद्वारा पर संत बाबा सुखदेव सिंह जी की 39 वी वरसी मनायी गयी,जिसमे भाजपा जिला अध्यक्ष के सी मिश्रा एवं नगर पंचायत अध्यक्ष अनुपम शुक्ला को संत बाबा अमरीक सिंह जी ने सरोपा भेंटकर सम्मानित किया,हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी संत बाबा सुखदेव सिंह जी की बरसी धूमधाम से मनाई गई ,खुटार के तिकुनिया पर गुरुद्वारा में पहुंचकर भाजपा जिला अध्यक्ष के सी मिश्रा चेयरमैन अनुपम शुक्ला ने मत्था टेका एवं आशीर्वाद लिया, संत बाबा सुखदेव सिंह की बरसी पर खुटार गुरुद्वारे में बहुत बड़ा मेला लगता है, जिसमें दूर-दूर से लोग आकर गुरुद्वारा में मत्था टेकते हैं,और गुरुद्वारा में दिन भर लंगर चलाया गया, जिसमें पहुंचकर हजारों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया, इस दौरान मुख्तियार सिंह, सुखपाल सिंह, सुखदेव सिंह ,दलविंदर सिंह, दर्शन सिंह ,देवेंद्र सिंह ,नवजोत सिंह ,दर्शन सिंह, इकबाल सिंह ,सुरेंद्र सिंह, निर्भय सिंह, चमकौर सिंह, लवप्रीत सिंह, इंद्रजीत शेरा, हीरा सिंह ,पवन सिंह, लखविंदर सिंह,सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# थाना को0भिनगा पर पीस कमेटी की बैठक संपन्न



प्रेमचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती- आगामी त्यौहार दुर्गा पूजा नवरात्रि व दशहरा के मद्देनजर थाना को0भिनगा पर पीस कमेटी की बैठक की गई बैठक में प्रभारी निरीक्षक सहित थाना स्थानीय पर मौजूद समस्त उ0नि0/कर्मचारीगण व थाना क्षेत्र के सम्मानित सम्भ्रांत व्यक्ति/ग्राम प्रधान उपस्थित रहे।क्षेत्राधिकारी द्वारा आगामी त्यौहार के सम्बंध में उपस्थित संभ्रांत व्यक्तियों से समस्या और सुझाव को सुना गया तथा यथासंभव समस्या के निराकरण का आश्वासन देते हुए प्रभारी निरीक्षक को0भिनगा को आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया। क्षेत्राधिकारी द्वारा बैठक में उपस्थित सभी सम्मानित व्यक्तियों से त्यौहार को शांतिपूर्ण तरीके से कानून व्यवस्था कायम रखने का अनुरोध किया ।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जल जीवन मिशन की बैठक सम्पन्न



प्रेमचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती- जिलाधिकारी नेहा प्रकाश की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जल जीवन मिशन'' (हर घर नल योजना) की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि जन-जन को स्वस्थ्य रखने के लिए शुद्ध पेयजल अनिवार्य है। लोगों को शुद्ध पेयजल मुहैया होगा तो निश्चित ही वे स्वस्थ्य रहेंगे। इसके लिए जिले के 152 ग्राम पंचायतों में पेयजल योजना हेतु प्रस्ताव प्रेषित किया गया है। इसके लिए कार्यदायी संस्था मेसर्स लारसेन एण्ड टूर्बो को सूचीबद्ध किया गया है। बैठक में जिलाधिकारी ने कार्य की गति धीमी पाये जाने पर कार्यदायी संस्था के परियोजना प्रबन्धक को मजदूर बढ़ाकर कार्य में तेजी लाये जाने का निर्देश दिया। उन्होने कहा कि इस परियोजना के संचालन हो जाने से शुद्ध पेयजल की किल्लत नही रहेगी, और निश्चित ही लोगों को शुद्ध पेयजल मुहैया होगा। उन्होने अधिशासी अभियंता जिल निगम को निर्देश दिया कि जिले में जितने भी स्थानों पर पेयजल योजनाएं निर्माणाधीन है, उनकी निरन्तर मानिटरिंग की जाए तथा गुणवत्तापूर्ण ढंग से कार्य करवाकर परियोजनाओं को पूरा कराया जाए, ताकि ग्रामवासियों को स्वच्छ पेयजल मुहैया कराया जा सके।बैठक में जिलाधिकारी को अवगत कराया गया कि जनपद में 118 डी0पी0आर0 (प्राक्कलन) में समिमलित 152 ग्राम पंचायतों का अनुमोदन शासन को प्रेषित किया जा चुका है। जिनमें से 93 परियोजनाओं की स्वीकृति एस0एल0एस0एस0सी0 द्वारा प्राप्त हो चुकी है। वर्तमान में स्वीकृत 82 परियोजनाओं में से 48 परियोजनाओं पर कार्य प्रारम्भ कर दिया गया है। जनपद में 10 नग रिंग बोरिंग मशीन, 03 नग कम्प्रेशन, 368 श्रमिक एवं 02 यूनिट ओ0पी0 यूनिट उपलब्ध है। 07 स्थानों पर योजना पर बोरिंग का कार्य पूर्ण हो चुका है, एवं 23 योजनाओं पर वितरण प्रणाली का कार्य प्रगति पर है तथा 04 नग परियोजनाओं पर पम्प हाउस लगाने हेतु कार्य प्रारम्भ कराया गया है।बैठक का संचालन अधिशासी अभियन्ता जल निगम एस0एम0 असजद ने किया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी अनुभव सिंह, अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग एस0के0 हरित, कार्यदायी संस्था के परियोजना प्रबन्धक सहित सम्बन्धित अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# थाना सिरसिया क्षेत्र के ग्राम प्रहरियों की गई गोष्ठी



प्रेमचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती- पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार मौर्य के निर्देशानुसार थानाध्यक्ष सिरसिया द्वारा थाना प्रांगण में थाना क्षेत्र के ग्राम प्रहरियों की गोष्ठी आयोजित की गई तथा सभी को समय से सूचना देने व अपने दायित्वों का अच्छी तरह निर्वहन करने हेतु प्रेरित किया गया।

आपको बता दें, कि ग्रामप्रहरी पुलिस विभाग का अभिन्न अंग है इनके द्वारा क्षेत्र में घटित घटनाओं आदि की जानकारी/सूचना प्रदान की जाती रही है। सूचना तंत्र को और अधिक मजबूत करने तथा ग्राम प्रहरियों की सक्रियता को बढ़ाने के लिए पुलिस द्वारा उनसे मुलाकात कर वार्ता की गई तथा अपने कार्यों के प्रति और अधिक सक्रिय रहने के लिए उनका मनोबल बढ़ाया गया।

# मुरादाबाद में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया

मौ.युसूफ
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



मुरादाबाद-उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ से प्राप्त निर्देशो के अनुपालन में एवं श्री अरविन्द कुमार सिंह प्रभारी जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मुरादाबाद के दिशा निर्देशन में आज सचिन कुमार दीक्षित, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, मुरादाबाद द्वारा मैथोडिस्ट गर्ल्स इंटर कालेज, मुरादाबाद में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। सचिव कुमार दीक्षित द्वारा उपस्थित छात्रों को इंटरनेट के सदउपयोग के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि इंटरनेट सूचना का एक विशाल स्रोत माना जाता है और इस तरह से यह छात्रों के लिए एक वरदान साबित हुआ है। ऐसा इसलिए है क्योंकि किसी भी विषय या पाठ से संबंधित सारी जानकारी इंटरनेट पर उपलब्ध है। इसलिए यदि कोई छात्र किसी लेक्चर में उपस्थित नहीं होता या शिक्षक की गति से मिलान नहीं कर पाता है तो वह उन विषयों पर सहायता पाने के लिए इंटरनेट की मदद ले सकता है। आज के दौर में इंटरनेट के बिना सब कुछ अधूरा है। किसी समस्या का समाधान इंटरनेट के जरिए हल किया जा सकता है। घर बैठे पूरी दुनिया का हाल इंटरनेट से जान सकते हैं। सही मायने में इंटरनेट से सूचना प्राप्त करना काफी आसान हो गया है। इसी क्रम में सचिव, सचिन कुमार दीक्षित द्वारा इंटरनेट के दुरुपयोग के बारे में छात्रों को जानकारी देते हुये बताया कि इंटरनेट से होने वाले नुकसान के प्रति भी हमें सचेत रहना चाहिए। माता-पिता अपने बच्चों को इंटरनेट का उपयोग करने की अनुमति इसलिए देते हैं ताकि वे अपनी परीक्षाओं के लिए बेहतर तरीके से तैयारी कर सकें पर कई छात्रों ने इसका दुरुपयोग किया है। चूंकि इंटरनेट मनोरंजन के प्रचुर स्रोत प्रदान करता है इसलिए इसका विरोध करना कठिन है। कई छात्र इंटरनेट पर विभिन्न प्रकार के वीडियो देखते हैं या मनोरंजक उद्देश्य के लिए ऑनलाइन गेम खेलते हैं पर वे जल्द ही इसके आदी हो जाते हैं और अपना समय इंटरनेट पर कुछ देखनेध्खेलने पर खर्च करते रहते हैं। यह समय की बहुत बड़ी बर्बादी है। हमें इसके दुरुपयोग से बचना चाहिए। खासकर विद्यार्थियों को इंटरनेट सिर्फ अपनी पढ़ाई के लिए व अपना करियर चुनने के लिए ही करना चाहिए। फेसबुक या अन्य सोशल मीडिया पर बेवजह की बातों पर अपना समय नहीं बर्बाद करना चाहिए साथ ही किसी भी व्यक्ति की माँग पर कोई ऐसी फोटो या वीडियो जो सामान्य ना हो किसी को नही भेजनी चाहिये ना ही अपलोड करनी चाहिए क्योंकि ऐसी व्यक्तिगत फोटो या वीडियो कभी डिलीट नहीं होती इनको रिकवर किया जा सकता है और इनका दुरुपयोग किया जा सकता है। इसके साथ ही सचिव श्री दीक्षित ने छात्राओं से घरेलू यौन हिंसा से संबंधित अपराधों पर भी चर्चा की और गुड टच बैड टच के विषय में बताया और सलाह दी कि यदि ऐसा कुछ कभी भी अनुभव हो तो तुरंत अपने माता पिता और टीचर्स को बतायें। साथ ही 1098, 112 और जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के टोल फ्री नंबर की भी जानकारी दी इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती सुनीता सिंह, नायब तहसीलदार श्री गौरव दीक्षित, कानूनगो श्री राम नाथ, कनिष्ठ लिपिक श्री फैजउर रहमान शमशी, पराविधिक स्वयं सेवक श्री शशी कान्त वर्मा तथा छात्रा उपस्थित रहे।

# नगरीय निकायो के अधिशासी अधिकारियों द्वारा बैठक में प्रतिभाग नही करने पर कमिश्नर ने वेतन रोकने एवं विभागीय कार्यवाही के दिए निर्देश



दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद-आयुक्त सभागार में मंडलायुक्त श्री आन्जनेय कुमार सिंह की अध्यक्षता में 50 लाख से अधिक लागत के निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा की गई। समीक्षा में यह पाया गया कि उत्तर प्रदेश लघु उद्योग निगम लिमिटेड मुरादाबाद तथा जनपद सम्भल व अमरोहा के स्थानीय नगरीय निकाय के अधिशासी अधिकारियों द्वारा प्रतिभाग नहीं किया गया। इन अधिकारियों का वेतन रोकते हुए विभागीय कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए। ऐसी परियोजना जो कि धनाभाव के कारण पूर्ण नहीं की जा सकती है उन सभी परियोजनाओं की धनराशि अवमुक्त किये जाने हेतु विशेष प्रयास किए जाये। मंडल आयुक्त द्वारा कार्यदायी संस्थाओं को निर्देशित किया गया कि प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र डिग्री कॉलेज व आई टी आई भवन आदि हेतु निर्बाध पहुंच मार्ग की व्यवस्था अवश्य की जाए। इसके लिए तत्काल जिलाधिकारियों से संपर्क स्थापित किया जाए । जनपद अमरोहा में मैंगो एवं वेजिटेबल इंटीग्रेटेड हाउस के निर्माण कार्य को गुणवत्ता के साथ दीपावली पर्व से पूर्व पूर्ण करने हेतु हिदायत दी गई। बैठक में उपस्थित अधीक्षण अभियंता सिंचाई को निर्देशित किया गया कि की बाढ़ खंड के निर्माण कार्य तथा रामपुर के कार्यों की जांच कर अपनी आख्या 1 सप्ताह में प्रस्तुत करे निर्माण खंड लोक निर्माण विभाग से अपेक्षा की गई कि जनपद बिजनौर में निर्माणाधीन राजकीय मेडिकल कॉलेज की पहुंच मार्ग 7.5 मीटर चैड़ाई में बनाने का प्रस्ताव तत्काल जिलाधिकारी के माध्यम से शासन को प्रेषित किया जाए। बैठक में उपस्थित क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी को चेतावनी दी गई कि वह सत्यापन के कार्य में लापरवाही न करें। समीक्षा बैठक में अपर आयुक्त बीएन यादव डिप्टी कमिश्नर गजेन्द्र प्रताप सिंह, नगर आयुक्त संजय चैहान सहित कार्यदाई संस्थाओं के अधीक्षण अभियंता उपस्थित रहे।

# मुरादाबाद में पांच लाख की अवैध और नशीली दवाइयां सील



दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद-मुरादाबाद में ड्रग विभाग ने करीब पांच लाख कीमत की अवैध और नशीली दवाइयां पकड़ी हैं। इन दवाओं को सील कर दिया गया है। मामला मूढापांडे क्षेत्र के करनपुर गांव का है। यहां ड्रग विभाग ने गोपनीय सूचना पर छापेमारी कर इस गोरखधंधे का खुलासा किया। करनपुर में बिना लाइसेंस के दवाओं को रखा और बेचा जा रहा था। ड्रग विभाग के सहायक आयुक्त औषधि दीपक शर्मा ने सूचना के बाद टीम गठित की। इसमें ड्रग इस्पेक्टर मुकेश जैन, उर्मिला वर्मा, अमरोहा के ड्रग इंस्पेक्टर राजेश कुमार के साथ छापेमारी की गई। टीम ने बताया मौके पर आफताब आलम निवासी खैरखाता मौजूद मिले। टीम ने पूरे परिसर को खंगाला तो करीब पांच लाख रुपए कीमत की एलोपैथिक दवाइयों का भंडारण मिला। इन दवाइयों में तमाम नशीली दवाइयां थीं जिनका बिना पर्चे लोग नशे के रूप में इस्तेमाल करते हैं। ड्रग इंस्पेक्टर मुकेश जैन ने बताया कि इनके पास कोई लाइसेंस भी नहीं था। चार प्रकार की औषधियों को संदिग्ध मानते हुए उनके नमूने भरे गए। इन नमूनों को लैब में परीक्षण के लिए भेजा गया है। प्रकरण की विवेचना के बाद इसका वाद न्यायालय में दायर किया जाएगा। करनपुर में करीब पांच लाख रुपए कीमत की दवाइयां पकड़ी हैं। बिक्री करने वालों के पास लाइसेंस नहीं था अवैध रूप से भंडारण और बिक्री मिली है। कई नशीली दवाइयां भी मिली हैं। इनके विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है।- मुकेश जैन, ड्रग इंस्पेक्टर

**अन्य खबरों के लिए देखे**
WWW.KNLSIVE.COM

इस समाचार पत्र में सभी जन अबैतनिक तथा स्वयंसेवी है समाचार पत्र में लिखे लेख,समाचार अन्य तथ्यों से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है संवाददता ही समाचार या लेख का जिम्मेदार होगा- संपादक

## क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11,असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001 उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी, डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

## संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991
Title Code : UPBIL05086
इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।


## संपादकीय Editorial

# No offense in communication

About twelve years ago, the Nira Radia episode, which shook the country's politics, power establishment, industry and media, is now in discussion again. The CBI on Wednesday told the Supreme Court that no offense has been found in its probe into the recorded conversations of former corporate lobbyist Niira Radia with several politicians, industrialists and government officials. It is also interesting that the investigation report was submitted in the year 2015 itself. If the outcome of the submitted report is now known, it simply means that not much interest has been taken in this 'high profile' case in the past years. It is usually difficult to prove something in such cases. Interacting, coordinating and trying to make decisions according to one's own benefit cannot be said to be in the category of any crime. Innumerable people are involved in every decision, every decision can be right for some, and it can be unfavourable for some. Therefore, if the CBI has not found evidence of any crime in the Niira Radia case, then it is not surprising.“Although the hearing in the Niira Radia case will begin in the court from October, the CBI may need to file another status report before that. Actually, this whole matter has arisen due to the petition filed by famous industrialist Ratan Tata. In the year 2010, some tapes were leaked and Ratan Tata demanded an inquiry into the audio tape leak, calling that leak a violation of his right to privacy. In addition, the Center for Public Interest Litigation, a non-governmental organization, also pressed for an investigation of the tapes and demanded that the tapes be made public. Note, the number of taped dialogues is 5,800. It is also interesting that these tapes were being made to monitor or investigate tax evasion. The case of tax evasion became minor, the interaction between the sovereign-class people came to the fore. It is also to be noted that more than 13-14 years have passed since these interactions. In the year 2013, the Supreme Court got an idea of ??how corporate lobbyists and dignitaries talk to each other in the country and those dialogues were in the headlines even among the people, but now it is not easy to find the sources of crime in them. . Meaning, in the absence of evidence, it is up to the court to proceed with this case. The Supreme Court, while ordering a CBI inquiry in 2013, had pointed to a nexus between the sovereign or influential sections of the country, but later the seriousness faded. By the way, a lot happens in and around the ruling class in our country, which should not happen, but there is a huge lack of means and means to stop these things. People have not forgotten, about thirty years ago the report of the Vohra Committee was presented in the Parliament, which highlighted the criminal-leader-officer nexus, but did not see much action on the ground. In fact, improvement in any field is a collective responsibility, so we should think that how much common people themselves are eager for any improvement. In the year 2013, the Supreme Court got an idea of ??how corporate lobbyists and dignitaries talk to each other in the country and those dialogues were in the headlines even among the people, but now it is not easy to find the sources of crime in them.

# Rashmika Mandanna was seen dancing with Ganesh Acharya, video went viral

A video of Rashmika Mandanna is going viral. In this she can be seen dancing to a song with Ganesh Acharya. In this she is wearing a black T-shirt and shorts. Many choreographers are seen dancing behind her. Just then Ganesh Acharya comes and the two start dancing together with everyone. Rashmika Mandanna wrote the video, 'A small surprise' - Sharing the video, actress Rashmika Mandanna wrote, 'A small surprise on my recent favorite song. Dance with my best group Sharing the emoji of eyes. One has written Nice. One has written, 'Love yul' while one has written 'Beautiful Best Song'. Rashmika Mandanna is seen dancing fiercely in the video Actress Rashmika Mandanna dances fiercely in the video Looks like it happened. Before this, he shared a picture of himself. In this, she can be seen posing in a bold style. Rashmika Mandanna was recently seen in an ad along with Kartik Aaryan. She will soon be seen in the film Goodbye. Apart from her, Amitabh Bachchan has an important role in this film. Her debut film will also be. Rashmika Mandanna's films did good business at the box office. Actress Rashmika Mandanna's films did good business at the box office. She has played an important role in many South films. She has appeared in films with many actors.



# Jacqueline Fernandez's stylist confirmed - had a relationship with Sukesh, gave 3 crores for clothes

Bollywood actress Jacqueline Fernandez's stylist Lipakshi Elavadi was questioned by the Economic Offenses Wing of the Delhi Police for nearly eight hours on Wednesday in a case of extortion involving alleged swindler Sukesh Chandrasekhar. Let us tell you that recently Jacqueline was questioned for the second time in this matter and only after that Lipakshi was questioned. A senior official told about this that Lipakshi came to the office at 11.30 and then she was questioned for 8 hours. After this she left from there at 7.30 pm. He said that he wanted to know about Jacqueline and Conman's relationship with Lipakshi. Let us tell you that Lipakshi is a dress designer and she has been working with many celebs for 10 years. Lipakshi was called earlier, but she did not come then, so she was later questioned in private. Sukesh wanted to impress Jacqueline During interrogation, Lipakshi has admitted that she knew about Jacqueline and Sukesh's relationship. Sukesh spoke to Lipakshi and tried to know what kind of brand clothes Jacqueline wears so that she can impress him. Last year, Sukesh had contacted Lipakshi to know about Jacqueline. 3 crore given for Jacqueline's clothes The officer further revealed that Lipakshi also told how Sukesh had given her Rs 3 crore to get Jacqueline's outfits of her choice. With all that money, Lipakshi bought gifts for Jacqueline. He also told that as soon as Jacqueline came to know about Sukesh's arrest, she immediately ended all contact with him. Another information that has come to the fore is that Sukesh had also offered a bike to Jacqueline's agent on her birthday, but she refused. But still Sukesh had sent the bike and its key to the agent's house. That bike has now been seized. Jacqueline knew the truth of Sukesh ED believes that Jacqueline already knew that Sukesh was an accused in the money laundering case. But even after this, he continued his relationship with her. Because of this, Jacqueline's difficulties are going to increase.



आवश्यकता है
उत्तर प्रदेश/ उत्तराखंड में रिपोर्टर,विज्ञापन एजेंसी के लिए संपर्क करे- knlslive@gmail.com 9027776991,
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच में खबरों और विज्ञापन के लिए संपर्क करे- 7906743371, 9458664527

## बाइक मिस्त्री हत्याकांड का खुलासा: तमंचों सहित साले बहनोई गिरफ्तार, संपत्ति की रंजिश वारदात

हारुन बख्श
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

फर्रुखाबाद -कोतवाली पुलिस ने बाइक मिस्त्री विनोद राजपूत हत्याकांड का पर्दाफाश कर दोनों हत्यारों साले एवं बहनोई को अवैध शस्त्र सहित गिरफ्तार कर लिया है। कोतवाली फर्रुखाबाद के इंस्पेक्टर विनोद कुमार शुक्ला की टीम ने ग्राम उस्मान नगला निवासी ओमकार राजपूत के पुत्र नीलेश उर्फ टेंपो एवं ग्राम घुमइया रसूलपुर निवासी जबर सिंह राजपूत के पुत्र रजनेश उर्फ गब्बर को गिरफ्तार कर पुलिस लाइन में मीडिया के सामने पेश किया। पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा ने बताया नीलेश एवं रमेश को ग्राम उस्मान नगला भट्टे के निकट गिरफ्तार किया गया। दोनों के पास 315 बोर



के दो तमंचे व पांच कारतूस बरामद हुए हैं। जिन्होंने उस्मान नगला निवासी विनोद राजपूत की 6 दिन पूर्व तमंचे से गोली मारकर हत्या कर दी थी। नीलेश मृत विनोद का सगा भतीजा है एवं रजनेश नीलेश का साला है। विनोद की सेंट्रल जेल के निकट बाइक मिस्त्री मरम्मत की दुकान है। विनोद दुकान बंद कर बाइक से घर जा रहा था वह गांव के बाहर भट्टे के निकट से गुजर रहा था। तभी गोली मारकर विनोद की हत्या कर दी गई थी। पुलिस ने घटना के बाद संदेश नीलेश को हिरासत में ले लिया था जबकि रजनेश घटना के बाद हरियाणा चला गया था। वार्ता के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक अजय प्रताप सिंह सीओ सिटी प्रदीप कुमार सिंह मौजूद रहे।

## बाइक मिस्त्री के रेप से महिला हुई गर्भवती और मां ने खिलाई गर्भपात की दवा

लवकुश ठाकुर
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

अलीगढ-महुआ खेड़ा क्षेत्र के एक गांव में 14 साल की किशोरी के साथ दुष्कर्म के मामले में नया मोड़ आ गया है आरोप है कि किशोरी का उसकी मां ने दवाओं के जरिए गर्भपात करा दिया इससे किशोरी की हालत बिगड़ गई इसके बाद किशोरी की मां ने आरोपित राजमिस्त्री के खिलाफ दुष्कर्म का मुकदमा पंजीकृत करा दिया पुलिस और विधिक राय लेगी क्योंकि किशोरी की मां ने गैर कानूनी प्रक्रिया के तहत गर्भपात कराया किशोरी के साथ यह घटनाक्रम 17 से 19 सितंबर के बीच हुआ महुआ खेड़ा में किशोरी के पिता ने दर्ज कराए मुकदमा में कहा था कि गांव के ही एक बाइक,मिस्त्री अमीर सिंह ने बहाने से बुलाकर किशोरी के साथ दुष्कर्म किया करीब 3 माह तक किशोरी के साथ यह करता रहा इसी दौरान किशोरी गर्भवती हो गई पेट दर्द की शिकायत होने पर परिजन को इसकी जानकारी हुई पुलिस ने किशोरी को डॉक्टरी परीक्षण कराया जिसमें दुष्कर्म की पुष्टि हुई सीओ द्वितीय शिव प्रताप ने बताया कि पीड़िता की मां ने गर्भपात कराने की बात कही है डीएनए जांच के लिए दुष्कर्म पीड़िता व आरोपित के सैंपल लिए गए हैं पुलिस इसे जांच में आधार बनाएगी

## बालूखेड़ा में राशन डीलर के खिलाफ प्रदर्शन गांव वालों ने लगाए गंभीर आरोप डीलर की दबंगई आई सामने



लवकुश ठाकुर
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

अलीगढ- गांव बालूखेड़ा में महिलाओं में राशन डीलर के खिलाफ प्रदर्शन किया उन्होंने मौके पर अफसरों को बुलाने की मांग की गांव के सुमित कुमार ने आरोप लगाया कि राशन डीलर 1 किलो खाद्य कम दे रहा है पूरा खाद्य मंगाने पर कार्ड धारकों को धमका रहा है

वह रिफाइंड,नमक और चना का भी लोगों को वितरण नहीं कर रहा है ग्रामीण जब नमक,रिमाइंडर चने की डिमांड करते हैं तो राशन कार्ड फाड़कर फेंकने,तक की धमकी देता है 7 इसी मामले को लेकर ग्रामीणों ने हंगामा किया पूर्ति विभाग के टोल फ्री नंबर पर भी फोन किया, लेकिन कोई भी अधिकारी मौके पर नहीं पहुंचा गांव वालों का कहना है कि 12 महीने में 1 महीने का राशन नहीं मिलता है वहीं महिलाओं के हर महीने अंगूठा लगवाने के बाद तीसरे महीने पर ?500 रुपए,लेकर जब राशन देता है

## हुई तेज बारिश में धान की खेती को भारी नुकसान हुआ है इसकी जानकारी मथुरा में मुख्यमंत्री जी दे दी जाएगी -राकेश कुमार सिंह

लवकुश ठाकुर
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

अलीगढ- इस भीषण बारिश में बिजली की व्यवस्था फेल हुई सब स्टेशन वो नेर सब स्टेशन बिजली घर के अंतर्गत जितने भी गांव आते हैं श्याम की बिजली व्यवस्था फेल हुई है ग्रामीण क्षेत्र में 24 घंटे से बिजली व्यवस्था खराब है ग्रामीण क्षेत्रों से लंबे एरिया से किसानों के फोन प्राप्त हुए हैं कि बिजली ठीक करवाओ ऐसी भीषण बारिश में बिजली विभाग के कर्मचारी बिजली बनाने में असमर्थ हो रहे हैं भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व महानगर अध्यक्ष ठाकुर राकेश कुमार सिंह ने इस समस्या को अति गंभीरता से लेते हुए इस संबंध में बिजली विभाग के कर्मचारियों से बातचीत हो गई उनका यह कहना है इतनी भीषण बारिश में बिजली ठीक नहीं की जा सकती करंट आने का भय रहता है अधिकारियों से संपर्क नहीं हो पाया लंबे ग्रामीण इलाकों से किसानों ने बताया है हर गांव गली में जलभराव धान की खेती डूब चुकी है भारी नुकसान हो रहा है इस संबंध में भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष चौधरी हीरा सिंह को अवगत करा दिया गया है उन्होंने बताया है कि आज माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी मथुरा में आ रहे हैं इस समस्या को उनके सामने रखा जाएगा इस संबंध में शासन की तरफ से भी जानकारी प्रशासन को दी गई है यह भी सरकारी तंत्र से जानकारी हुई है भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व महानगर अध्यक्ष ठाकुर राकेश कुमार सिंह ने कहां है कि



बिजली व्यवस्था खराब होने के कारण क्षेत्र के ग्रामीण एरिया को 24 घंटे से बिजली न होने के कारण परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है सबसे अधिक किसानों को परेशानी होती है रात्रि के समय जब बिजली की सख्त आवश्यकता होती है मौसम साफ होने का नाम नहीं ले रहा है शाम तक बारिश बंद नहीं होगी तब तक बिजली व्यवस्था ठीक नहीं होगी यह बिजली विभाग का कहना है भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व महानगर अध्यक्ष ठाकुर राकेश कुमार सिंह को ग्रामीण क्षेत्रों से किसानों के द्वारा फोन से बातचीत होने से मिल रही है इस संबंध में भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश को अवगत करा दिया गया है अति शीघ्र या समस्याएं मुख्यमंत्री के समक्ष मथुरा में रखी जाएंगी धान की खेती को लेकर किसानों को चिंता बहुत है भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व महानगर अध्यक्ष ठाकुर राकेश कुमार सिंह किसानों से कहा है क्षेत्र के किसान हौसला रखें केंद्र एवं उत्तर प्रदेश सरकार किसानों का कहीं भी अहित नहीं होने देगी ड्ढद्ध किसानों के लिए केंद्र एवं प्रदेश सरकार बहुत ही हितेषी है जितना धान की खेती को नुकसान हो रहा है उसकी जानकारी मुख्यमंत्री जी को मथुरा आगमन पर दे दी जाएगी ।

## किसानों ,शोषितों दलितों के हितों हेतु संघर्षो को समर्पित है मेरा जीवन- राजू आर्य

### किसान नेता राजू आर्य को मिली राष्ट्रीय संगठन मंत्री पद की जिम्मेदारी

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा- जनपद के जानेमाने चर्चित युवा किसान नेता व यदुकुल पुनर्जागरण मिशन के संस्थापक सदस्य रंजीत कुमार उर्फ राजू आर्य को देश के कद्दावर किसान संगठन भारतीय किसान यूनियन %भानू% के राष्ट्रीय अध्यक्ष ठाकुर भानुप्रताप सिंह जी ने राष्ट्रीय संगठन मंत्री पद की जिम्मेदारी सौंपी है। राजू आर्य पूर्व में भी भारतीय किसान विकास मंच संगठन में त्रि-प्रदेशीय अध्यक्ष के पद पर रहते हुए किसानों के संघर्षो की लड़ाई लड़ते



रहे हैं। आर्य गरीबों ,पिछड़ों , दलितों ,किसानों एवं वंचितों के अधिकारों हेतु सरकार एवं प्रशासनिक अधिकारियों से भी कई बार मुखातिब हो चुके हैं। आर्य से संवाद के दौरान उन्होंने ने संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ठाकुर भानुप्रताप सिंह जी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि अध्यक्ष जी द्वारा सौपे गए पद की गरिमा बनाये रखूंगा एवं अडिगता के साथ अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करते हुए किसान-हित में पूर्व से भी अधिक क्षमता एवं शक्ति के साथ आजीवन संघर्ष करता रहूँगा। विदित है कि आर्य कई किसान आंदोलनों, मोर्चों एवं धरनों की अगुवाई कर के किसानों के हितों एवं अधिकारों की लड़ाई में शासन एवं प्रशासन से जद्दोजहद करने में कभी पीछे नही रहे हैं। आर्य के जुझारू, निडर एवं निष्पक्ष व्यक्तित्व के कारण ही राजनैतिक पार्टियाँ एवं विभिन्न संगठन राजू आर्य को हाथों हाथ लेते हैं एवं कोई भी बड़ी जिम्मेदारी सौंपने से गुरेज नही करते। बताते चलें कि वर्तमान में राजू आर्य किसी पहचान के मोहताज नही हैं। ब्लॉक मारहरा से वर्ष 2015 में चुनाव लड़कर वर्ष 2017 एवं 2019 में दो बार अविश्वास प्रस्ताव लाकर राजू आर्य जनपद की राजनीति के गलियारों में राजनैतिक हस्ती बनकर उभरे थे। अपनी स्वच्छ छवि एवं निडर हौसलों की वजह से आज राजू आर्य जनपद में युवाओं,किसानों, व पिछड़ों के दिलों पर राज करते हैं। राजू आर्य पूर्व मंत्री एवं सांसद डी.पी.यादव एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री शिवपाल यादव के अतिकरीबी लोंगों में शुमार हैं।

# ज्ञानवापी मस्जिद के सर्वे का आदेश देने वाले जज को सता रहा जान का डर, बनारस से बरेली आते ही सुरक्षा घटी



वाराणसी की ज्ञानवापी मस्जिद के सर्वे का आदेश देने वाले जज रवि कुमार दिवाकर अपनी सुरक्षा को लेकर चिंतित हैं। बनारस में रहने के दौरान ही उन्हें धमकी मिली थी। इसके बाद उनकी सुरक्षा बढ़ाई गई थी। बनारस से बाद में उनका ट्रांसफर बरेली हो गया था। यहां उनको बनारस जैसी सुरक्षा नहीं मिली है। इसे लेकर जज ने नाराजगी जताई है और आईजी को पत्र लिखा है। लघुवाद न्यायाधीश रवि कुमार दिवाकर ने पत्र में लिखा है कि उन्हें वाराणसी की तरह ही सुरक्षा उपलब्ध कराई जाए। बीते 19 सितंबर को लिखे पत्र में लघुवाद न्यायाधीश ने कहा है कि शासनादेश के अनुसार वाराणसी में उन्हें सुरक्षा प्राप्त थी। मगर बरेली में उन्हें जो आवासीय और निजी सुरक्षा उपलब्ध कराई गई है, वह अपर्याप्त है। इस संबंध में उन्होंने आरआई (रिजर्व इंस्पेक्टर) बरेली नरोत्तम सिंह को भी फोन से अवगत कराया।इसके साथ ही नरोत्तम सिंह से यह भी आग्रह किया कि अगर वह वाराणसी के आरआई से इस संबंध में बात कर लेंगे तो उचित होगा। मगर नरोत्तम सिंह ने बात करने से इनकार कर दिया। नरोत्तम सिंह ने यह कहा कि इस संबंध में शासन से उन्हें कोई पत्र प्राप्त नहीं हुआ है। आरआई ने बताया कि उन्हें जो भी सुरक्षा दी गई है, वह उनके स्तर से ही दी गई है। इस संबंध में जब न्यायाधीश रवि कुमार दिवाकर ने वाराणसी के आरआई से बात की तो बताया गया कि उन्हें शासन के आदेशानुसार सुरक्षा और वाराणसी जनपद पुलिस की ओर से डेढ़ सेक्शन पीएसी लगाई गई है। ऐसे में लघुवाद न्यायाधीश रवि कुमार दिवाकर ने जिला न्यायाधीश के माध्यम से आईजी को भेजे पत्र में आवश्यक कार्यवाही की बात कही है।

### बिना बताए दो दिन अनुपस्थित रहा गनर

लघुवाद न्यायाधीश रवि कुमार दिवाकर ने पत्र के माध्यम से यह भी कहा है कि उनकी सुरक्षा में तैनात गनर निकुंज कुमार 17 और 18 सितंबर को बगैर कोई सूचना दिए अनुपस्थित रहा। इस संबंध में आरआई नरोत्तम सिंह को अवगत कराया लेकिन उन्होंने कोई उचित कार्यवाही नहीं की। न्यायाधीश का पत्र मिलने के बाद 19 सितंबर को ही आईजी रमित शर्मा ने बरेली के एसएसपी को पत्र लिखकर मामले में संज्ञान लेने को कहा है। साथ ही प्रारंभिक जांच करवाकर नियमानुसार उचित कार्यवाही करने को भी कहा है।

# भाजपा सांसद के काफिले पर गिरा टोल का बूम, कर्मचारियों को लात-घूंसों और बंदूक से पीटा, सीसीटीवी में पूरी घटना कैद



भदोही में भाजपा सांसद रमेश चंद बिंद के काफिले में चल रहे लोगों की गुंडागर्दी सामने आई है। यहां के गोपीगंज में बने लालानगर टोल प्लाजा पर सांसद के काफिले में चल रही गाड़ी पर अचानक टोल का बूम गिरने पर उनका गुस्सा फूट पड़ा। सांसद के साथ चल रहे लोगों ने टोल कर्मचारियों को लात-घूंसों के साथ ही बंदूक से भी पीटा। टोल के इंचार्ज को अपनी गाड़ी में भी बिठा लिया और गोली मारने की धमकी दी। मामले का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है। वहीं, पूरे मामले पर पूछने पर सांसद ने कहा कि यह सब होता रहता है। सांसद रमेशचंद बिंद बुधवार की दोपहर कई गाड़ियों के काफिले के साथ टोल से गुजर रहे थे। इसी दौरान टोल पर लगा आटोमेटिक बूम काफिले की एक गाड़ी पर गिर पड़ा। इसी से उनके साथ के लोग गाड़ी से उतरे और टोल के कर्मचारियों को पीटना शुरू कर दिया। कर्मचारियों ने बताया कि बूम आटोमैटिक है। एक गाड़ी गुजरने के बाद अपने आप गिरता है। लेकिन कर्मचारियों की नहीं सुनी गई। उन्हें लात-घूंसों और बंदूक के कुंदों से पीटा गया। टोल प्लाजा इंचार्ज लल्लन पांडेय और टीसी पंकज कुमार शर्मा ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा कि बुधवार को दोपहर करीब दो बजे सांसद का वाहन टोल से गुजरा। उनकी गाड़ी के पीछे अन्य चार वाहन थे। एक गाड़ी के पास होते ही दूसरी गाड़ी भी पास होने की कोशिश करने लगी। इसी पर गेट नंबर छह का फास्ट टैग बैरियर आटोमैटिक होने के कारण गिर पड़ा। इस पर वह लोग गालियां देने लगे।

कर्मचारियों ने बताया कि बूम ऑटोमेटिक है। उसे जानबूझकर नहीं गिराया गया बल्कि वह एक गाड़ी निकलने पर अपने आप गिरता है। इसके बाद भी उन लोगों ने एक नहीं सुनी। लात, घूसों से पिटाई करने के साथ ही बंदूक को निकाल कर पीटा। मारपीट होते ही अफरातफरी मच गई। प्लाजा इंचार्ज लल्लन पांडेय ने कहा कि जिस समय उन लोगों को पीटा जा रहा था सांसद भी मौजूद थे। उन्होंने किसी को ऐसा करने से रोका नहीं। वहीं टोल प्लाजा पर मारपीट के बाबत पूछे जाने पर भाजपा सांसद रमेश बिंद का कहना था कि ऐसी घटनाएं होती रहती हैं। कहाकि जब तक एफआईआर दर्ज नहीं होता है, तब तक कोई मतलब नहीं है। उधर, प्रभारी निरीक्षक गोपीगंज सदानंद सिंह ने बताया कि मारपीट की तहरीर मिली है। प्रकरण की जांच की जा रही है। पुलिस ने तीन स्कार्पियो सवार 15 अज्ञात लोगों पर केस दर्ज किया है।

# पंखुड़ी पाठक पर कांग्रेस आलाकमान मेहरबान, उत्तर प्रदेश में सोशल मीडिया चेयरपर्सन की मिली जिम्मेदारी


ALL INDIA CONGRESS COMMITTEE

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी ने अपनी तेजतर्रार और युवा नेता पंखुड़ी पाठक को उत्तर प्रदेश के लिए आज एक अहम जिम्मेदारी सौंपी है। पंखुड़ी ने इसके लिए कांग्रेस आलाकमान का धन्यवाद किया है। पंखुड़ी पाठक को प्रियंका गांधी का करीबी माना जाता है।एआईसीसी के महासचिव के.सी. वेणुगोपाल की ओर से गुरुवार को जारी एक बयान के अनुसार, पंखुड़ी पाठक को उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी का सोशल मीडिया चेयरपर्सन नियुक्त किया गया है।

इसके साथ ही तीन अन्य नेताओं-दानिश आजम वारसी, शुभम शुक्ला और श्रीमती शालिनी सिंह को वाइस चेयरपर्सन बनाया गया है। इनके अलावा, शाहनवाज असलम, संदीप सिंह, तेजिंदर नागर, बिपिन गुप्ता, आदित्य नागाइच, कमल परिहार, शत्रुघ्न चौहान को स्टेट कोर्डिनेटर की जिम्मेदारी सौंपी गई है। पंखुड़ी पाठक ने ट्वीट कर कहा, %%सोशल मीडिया चेयरपर्सन उत्तर प्रदेश की जिम्मेदारी देने के लिए कांग्रेस नेतृत्व, राहुल गांधी, प्रियंका गांधी, जयराम रमेश और सुप्रिया श्रीनेतजी को बहुत धन्यवाद। आपकी उम्मीदों पर खरा उतने का पूरा प्रयास करूंगी। बता दें कि, इसी साल हुए उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनावों में कांग्रेस पार्टी ने गौतमबुद्ध नगर जिले की नोएडा विधानसभा सीट से पंखुड़ी पाठक को अपना उम्मीदवार बनाया था, हालांकि उसमें उन्हें हार का सामना करना पड़ा था। इन चुनावों में उन्हें पार्टी के स्टार प्रचारकों में शामिल करने के साथ ही प्रियंका गांधी से लेकर छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल तक उनके लिए वोट मांगने नोएडा आए थे।

# कलक्ट्रेट में टॉवर पर चढ़कर बैठा युवक, उतारने की कोशिश में और ऊपर चला गया, समझाने में अफसर नाकाम

अपनी मांगों को लेकर गुरुवार को एक युवक लखीमपुर में कलक्ट्रेट में लगे मोबाइल टावर पर चढ़ गया। अफसरों ने उतारने की कोशिश की तो वह और ऊपर बढ़ गया। पुलिस ने क्रेन और जेसीबी मंगवाई तो वह टावर के टॉप पर चला गया। युवक पत्नी को बुलाने और आवास दिलाने की मांग करता तो कभी कहता कि मेरा आधार कार्ड क्यों नहीं बना। नीचे खड़े एडीएम, एएसपी, एसडीएम उसे समझाने की कोशिश में लगे रहे। दोपहर से रात हो गई, लेकिन युवक नीचे नहीं उतरा। जाल बांधना पड़ गया। वे युवक के उतरने का इंतजार करने लगे। फायर और नगरपालिका की गाड़ी मंगाई गई। गुरुवार की दोपहर कलक्ट्रेट के ज्यादातर कर्मचारी जा चुके थे। अचानक एडीएम दफ्तर के पास से शोर मचने लगा। कुछ लोगों ने देखा कि एक युवक टावर पर चढ़ने लगा है। इसकी सूचना कर्मचारियों को दी गई। लेकिन तब तक युवक टॉवर पर चढ़ चुका था। युवक का नाम देशराज बताया जाता है। वह गोला कोतवाली क्षेत्र के गांव दौलतागंज का रहने वाला है। उसको टावर पर चढ़ते देख भीड़ जमा हो गई। सूचना पर सीओ सिटी संदीप सिंह और शहर कोतवाल चंद्रशेखर सिंह फोर्स के साथ मौके पर पहुंच गए। अधिकारियों ने उसको समझा-बुझाकर उतारने का प्रयास किया। लेकिन उसका कहना था कि उसकी पत्नी को वापस लाया जाए और उसको आवास दिया जाए। कभी कहता है कि मेरा आधार कार्ड नहीं बना। कभी कहता कि मुझे मारने की कोशिश की गई। आखिरकार एडीएम संजय सिंह, एसडीएम श्रद्धा सिंह और एएसपी अरुण कुमार सिंह आए। अधिकारियों ने उसको आश्वासन दिया कि उसकी सभी मांगें मान ली जाएंगी। एक बार वह नीचे आ जाए। लेकिन उसने अधिकारियों के एक न सुनी और टावर पर ही बैठा रहा। वह वहीं से चिल्लाता रहा कि उतर आया तो तुम लोग मारोगे। अफसर उसकी मिन्नत करते रहे कि नीचे आ जाओ, कोई नहीं मारेगा। पर वह टस से मस नहीं हुआ। उसकी बातों से जो समझ में आया कि उसका उसकी पत्नी से कोई विवाद चल रहा है।